# सारी दुनिया से हार के मैं आया गुरु जी तेरी चौखट पे लिरिक्स

सारी दुनिया से हार के मैं आया,
गुरु जी तेरी चौखट पे,
आके द्वार पे बड़ा सुख पाया,
आके द्वार पे बड़ा सुख पाया,
गुरु जी तेरी चौखट पे।bd।

तर्ज – तेरे जन्मों की भटकन मिटेगी।

---

जबसे मिला है मुझको तेरा सहारा,
कश्ती को मेरी गुरुवर मिला है किनारा,
भवसागर को पार कर मैं आया,
गुरु जी तेरी चौखट पे।bd।

---

तेरी दया से सतगुरु चलता गुजारा,
मेरी इस जिंदगी को तूने संवारा,
दु:ख भूल सारे मैं भी मुस्कुराया,
गुरु जी तेरी चौखट पे।bd।

---

अर्ज लगाता हूँ मैं दिल से गुरूजी,
जब भी पुकारूँ तुम्हे राह दिखाना जी,
सारे जग को मैं करके पराया,
आया हूँ तेरी चौखट पे।bd।

---

सारी दुनिया से हार के मैं आया,
गुरु जी तेरी चौखट पे,
आके द्वार पे बड़ा सुख पाया,
आके द्वार पे बड़ा सुख पाया,
गुरु जी तेरी चौखट पे।bd।

**Singer – Sanjay Gulati**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com